वार्षिक 200/- रुपये जनवरी 2026 वर्ष 28 अंक 03 पृष्ठ - 28 मूल्य 20/-रु.

गोसम्पदा



मोदी सरकार का राष्ट्रीय कर्तव्य

गोवंश-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध अनिवार्य

सम्पादकीय

गणतंत्र दिवस पर विशेष

मोदी सरकार का राष्ट्रीय कर्तव्य
गोवंश-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध अनिवार्य

स्मरण रहे, अंग्रेजों ने भारत आगमन के कुछ समय पश्चात ही देश में गोवंश–हत्या आरंभ करा दी थी। उन्होंने एक षड्यंत्र के तहत योजनाबद्ध ढंग से हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच शत्रुता पैदा करने के लिए गोहत्या प्रारंभ कराई थी। वे अपने षड्यंत्र में काफी हद तक सफल भी रहे। दुष्परिणामस्वरूप आजादी मिलने के 78–79 वर्ष बाद भी गोहत्या जैसा जघन्य–अक्षम्य अपराध बंद होने के बजाय बढ़ता ही गया और कांग्रेसी शासन के दौरान तो मुस्लिम तुष्टिकरणनीति के अंतर्गत उसे निरन्तर प्रोत्साहन भी दिया गया। अब भाजपा सरकार केन्द्र में लगभग ग्यारह वर्ष से है, लेकिन ऐसा लगता है कि इस विषय में कुछ करने की बात तो दूर है, किसी प्रकार का विचार–विमर्श, चिंतन–मनन भी होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है। ध्यान रहे, भाजपा के घोषणा पत्र में प्रारंभ से ही गोवंश–हत्या रोकने का विषय शामिल रहा है। इसलिए मोदी सरकार का यह राष्ट्रीय कर्तव्य है और घोषणा पत्र के अनुसार भी गोवंश–हत्या को संपूर्ण देश में प्रतिबंधित करने के लिए त्वरित कार्यवाही करे। अतः आगामी गणतंत्र दिवस (2026) का स्वर्णिम अवसर है जब इसकी घोषणा की जाये।

यथार्थ में गोमाता सृष्टि के प्रारंभ से ही पूज्यनीय–वंदनीय अभिनंदनीय रही है, और अभी भी है। यह वात्सल्य की प्रतिमूर्ति और वेद की ऋचाओं–सी पावन है। कहा गया है **"गावो विश्वस्य मातरः"** अर्थात् गाय किसी एक की मां नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व की मां है। उनकी ममता का आंचल संपूर्ण मानवजाति के लिए एक समान है। समभाव से वे सभी का अपने अमृतरूपी दुग्ध से सिंचन और पोषण करती हैं, उसके लिए हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सहित सभी मानवों में कोई भेद–भाव नहीं है, इसीलिए वे सभी की मां हैं। बावजूद इसके आज वर्तमान में गोहत्या के कारण उनके अस्तित्व पर ही आसन्न संकट दिखाई दे रहा है। अभी भी हम यदि नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी के लिए गाय इतिहास की वस्तु हो जाएगी। इसीलिए अब मोदी सरकार का परम कर्तव्य है कि त्वरित राष्ट्रीय कानून बनाकर संपूर्ण देश में गोवंश–हत्या प्रतिबंधित कर भारत के ललाट पर लगा गोहत्या का काला कलंक तत्काल मिटाए।

नैसर्गिक रूप से गाय व्यक्ति की जीविका का प्रमुख साधन है। उसके दूध–दही और मल–मूत्र से निर्मित भोज्य पदार्थ, औषधियां, प्रसाधन, ईंधन, मनुष्य की जीविका के साधन तो हैं ही और धन प्राप्ति के स्रोत भी हैं। साथ ही मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त तक किये जाने वाले सभी सोलह संस्कारों में उसके गव्य की आवश्यकता अनिवार्य होती है। पंचगव्य के बिना कोई यज्ञ–अनुष्ठान आदि धार्मिक कार्य संपन्न नहीं किये जा सकते हैं, किन्तु अज्ञानतावश आज उसकी घोर उपेक्षा की जा रही है।

"वसुधैव कुटुम्बकम" की भावना का अवलंबन करने वाले आध्यात्मिक–अहिंसक (पूर्व में) राष्ट्र भारतवर्ष में यदि लोग बेजुबान व निरीह प्राणियों की हत्या करके उनका मांस भक्षण करते हैं तो बड़ी ही लज्जा के साथ लिखना–कहना पड़ रहा है कि ऐसे लोगों की आत्मा असंदिग्धरूप से संवेदनशून्य अथवा मर चुकी है, क्योंकि जो लोग दूसरे प्राणियों की पीड़ा को नहीं समझ सकते हैं वे सुखी और स्वस्थ कैसे रह सकते हैं? वर्तमान में व्यक्ति इतना भोगवादी व स्वार्थी बन गया है कि वह उसी वस्तु की ओर आकर्षित होता है, जिससे उसे आर्थिक लाभ मिल सके। इस दृष्टि से आज गाय को लाभकारी प्राणी नहीं माना जा रहा है, जिसके कारण कुछ स्वार्थी मतान्ध लोगों द्वारा गोहत्या की जा रही है, लेकिन यह सब उनकी अज्ञानता का ही दुष्परिणाम है। इन जटिल परिस्थितियों में यदि मनुष्य सुखी–संपन्न और स्वस्थ रहना चाहता है तो पुनः गाय–गोवंश के माहात्म्य को स्थापित करना होगा। यदि सही अर्थों में विवेक और ज्ञानपूर्वक गोवंश की रक्षा व संवर्धन किया जाए और उसके दूध–घी व गोबर–गोमूत्र का सही उपयोग किया जाए तो दूध न देने वाली गाय भी इतना उत्पाद दे सकती है, जो उसके खाने पर होने वाले खर्च से भी अधिक लाभ दे सकता है, इसको व्यावहारिक स्तर पर प्रमाणित किया जा चुका है। इसीलिए गाय को भारतीय ऋषि–मुनियों ने केवल धार्मिक रूप से ही महत्वपूर्ण प्राणी नहीं माना, अपितु शरीर विज्ञान की दृष्टि व आर्थिक दृष्टि से भी गोमाता का दूध, दही, घी, गोमूत्र व गोबर अत्यधिक लाभकारी सिद्ध हुए हैं। अतः गोवंश की रक्षा व संवर्धन के लिए आवश्यक है कि देश भर में पंचगव्य (विशेषकर गोबर–गोमूत्र) आधारित उत्पादों का व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ हो ताकि गोपालक को गोबर–गोमूत्र की भी उचित कीमत मिले और गोमाता–गोवंश को बचाया जा सके। सत्यतः गोमाता संपूर्ण मानव जाति का पालन–पोषण करने में सक्षम होने के साथ ही मनुष्य का परम कल्याण (मोक्ष) करने में भी समर्थ है।

(सम्पादक)

गोसम्पदा

वर्ष - 28 अंक-03 जनवरी - 2026 पृष्ठ - 28

संरक्षक :
हुकुमचंद सावला जी

दिनेश उपाध्याय जी
अखिल भारतीय गोरक्षा प्रमुख
संकट मोचन आश्रम, सै. 6,
रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-22
मो. : 9644642644
ईमेल : gosampada@gmail.com

सम्पादक : देवेन्द्र नायक
संकट मोचन आश्रम, सै. 6,
रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-22
मो. : 8130049868
ईमेल : gosampada@gmail.com

परामर्शदाता : प्रो. गुरुप्रसाद सिंह जी
मो. : 9838900596

प्रकाशक : राजेन्द्र प्रसाद सिंहल जी
मो. : 9810055638

प्रचार-प्रसार प्रमुख : डॉ. नरेश शर्मा जी
9811111602

व्यवस्थापक : रामानन्द यादव
मो. : 9958710672

साज-सज्जा : सुमन कुमार

वैधानिक सूचना

'गोसम्पदा' से संबन्धित सभी वाद प्रकाशन तिथि से 3 माह के अंदर केवल नई दिल्ली स्थित न्यायालय में मान्य होंगे

सहयोग राशि

एक प्रति : रु. 20/-
वार्षिक : रु. 200/-
आजीवन : रु. 2000/-

अनुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ
गाय की छाया भी है परम कल्याणकारी	04
गोवंश की उपेक्षा : स्वयं की उपेक्षा	06
सनातन धर्म में गोरक्षा और गोसेवा	09
गोमाता का 'ऋण' कभी चुकाया नहीं जा सकता!	10
दैनिक जीवन में गोमूत्र अर्क का महत्व	12
वर्तमान पर ध्यान	13
जयपुर में अखिल भारतीय बैठक	14
अखिल भारतीय बैठक, जयपुर में लिए गये महत्वपूर्ण निर्णय	18
गोरक्षा विभाग की अ. भा. संच बैठक अहमदाबाद में संपन्न	19
जालोर बनेगा 'एनर्जी हब' : पराली और गोबर से दौड़ेंगीं गाड़ियां	21
Cow Sustainability	22
Gaumata and her Care	24

हार्दिक निवेदन

सभी गोभक्त–गोप्रेमी बंधुओं से करबद्ध अनुरोध है कि वे इस पत्रिका का सदस्य अवश्य बनें और अन्य गोभक्तों को भी सदस्य बनायें। कृपया सभी लोग अपना वार्षिक अथवा आजीवन सदस्यता शुल्क निम्नलिखित बैंक व खाता नंबर में जमा कराएं–

पंजाब नेशनल बैंक, बसंत लोक, नई दिल्ली
खाता नम्बर - 04072010038910
IFSC CODE : PUNB0040710

नोट : शुल्क **"भारतीय गोवंश रक्षण संवर्द्धन परिषद"** के नाम पर जमा करें। सम्पर्क सूत्र : 011–26174732

इंदल सिंह भदौरिया



गाय की छाया भी है परम कल्याणकारी

अभिवंदित आर्ष सद्ग्रंथों में गारिमामयी गौओं को संसार की माता माना गया है तथा बृषभों को पिता। इनकी आराधना–उपासना एवं पूजा करने से सम्पूर्ण पितरों और स्वर्ग के सभी देवताओं की पूजा हो जाती है –

पितरो बृषभा ज्ञेया गावो लोकस्य मातरः
तासां तु पूजया राजन् पूजिताःपितृदेवता।।
(महाभारत, आश्व० वैष्णव०)

पावन पुराणों में वर्णित व्याख्यानों के अनुसार सर्ववंदित परमपूज्य पितामह ब्रह्माजी ने दक्षप्रजापति को सृष्टिकर्ता के रूप में अधिकृत किया था। तदनुसार दक्षप्रजापति जी ने सबसे प्रथम मनुष्य की रचना की। उसे सबसे शक्तिशाली एवं दीर्घायु बनाने के लिए वे भगवान ब्रह्मा जी से अनुरोध करने हेतु तुरंत ब्रह्मा जी के पास गये। संयोगवश उस समय ब्रह्मा जी अतिश्रमित थे। फलतः वे अमृतपान कर विश्राम की मुद्रा में थे। अचानक दक्षप्रजापति के आगमन से ब्रह्माजी चिंतित हो गये, तदोपरांत उन्होंने प्रजापति से असमय आने का कारण पूछा। प्रजापति दक्ष ने अपनी सम्पूर्ण व्यथा कथा सुनाई, उसे सुनकर ब्रह्मा जी चिंतामग्न हो गये। तत्क्षण उन्हें वमन हुआ। अमृत वमन के साथ उनके मुखारविंद से गौरूपिणी स्वरुप विसर्जित हुआ। भगवान ब्रह्मा जी ने उसका नामकरण गोमाता के रूप में किया। इसके उपरांत पितामह ब्रह्माजी ने अति प्रसन्न होकर नवोदिता गोमाता को सृष्टिकर्ता दक्षप्रजापति को प्रदान करते हुए कहा कि यह गोमाता ही आपकी प्रत्येक समस्या का सम्पूर्ण समाधान करेगीं। ब्रह्मा जी की इस अहेतुक अनुकम्पा से अभिभूत दक्षप्रजापति जी ने ब्रह्मा जी को स्तुत्य साधुवाद दिया और सृष्टि सृजन कार्य में ब्रह्माज्ञा से संलग्न हो गये।

इसीलिए **हमारे शास्त्रों में गोमाता को ब्रह्मसुता कहकर उनकी गौरवशाली गरिमा का गुणगान किया गया है। सभी धर्म ग्रंथों में गाय को जगन्माता के नाम से अलंकृत किया गया है।** गोमाता की शुचिता को समादरित करने हेतु देवताओं ने मुक्तकंठ से इसकी स्तुति कर गाय के विभिन्न अंगों में अपना निवास–स्थान बनाया है। इसके छहों अंग ––शिक्षा, कल्प, नियुक्त, व्याकरण, छन्द, ज्योतिष और पद, जटा, शिखा, रेखा आदि क्रमों के साथ सभी वेद गौओं में ही प्रतिष्ठिथापित हैं।

गाय को पशु नहीं, अपितु उसे शास्त्रदृष्ट्या माना

जाता है। हमारे आध्यात्मिक सद्ग्रंथों में स्पष्ट लिखा है – **"तिलं न धान्यों पशवो न गावः"** गोमाता में सभी पवित्र तीर्थों व हमारी संस्कृति की जीवन रेखा पावन नंदियों का सुवास है। विष्णुधर्मोत्तर शास्त्र में उल्लेख है कि "गौरुपी तीर्थों में गंगा आदि सभी नदियों तथा तीर्थों का आवास है, उनकी परम पावन धूलि में पुष्टि विद्यमान है, उनके गोबर में साक्षात् लक्ष्मी विराजमान है और उनको प्रणाम करने से धर्म सम्पन्न हो जाता है। अतः गोमाता सदा–सर्वदा प्रणाम करने योग्य हैं।

गवां हि तीर्थे वसतीह गंगा।
पुष्टिस्तथा तद्रजसि प्रवृद्धा।।
लक्ष्मीः करीषे प्रणतो च धर्म–
स्तासां प्रणामं सततं च कुर्यात।।
(विष्णुधर्मोत्तर ०२/४२)५८)

गाय की छाया भी परम पावन व शुभ एवं मंगलमय मानी जाती है। यात्रा आदि शुभ कार्यों के शुभारंभ में गाय का दर्शन कल्याणकारी माना जाता है। परम श्रीरामभक्त कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरितमानस के बालकाण्ड में भगवान श्री राम जी की बारात के शुभ प्रस्थान के सुअवसर पर सुन्दर शगुन की श्रृंखला में अपने शिशु को दूध पिलाती गाय दर्शन को बहुत शुभ सूचक माना है ––

बनइ न बरनत बनी बराता,
होहिं सगुन सुंदर सुभदाता।
लोवा फिर फिर दरसु देखावा,
सुरभि सनमुख सिसुहि पिलावा ।।
(श्रीरामचरितमानस ०१/३०३/१–५)

गाय का दर्शन शुभ और परम कल्याणकारी होता है, उसी तरह गाय का दूध, गोबर और मूत्र भी पवित्र, पुष्टिकारक व तुष्टिकारक बताया गया है। गाय के दूध से जो घृत (घी) बनता है उसे अमृत कहा जाता है। इसका उल्लेख श्रीमद्भागवत में किया गया है कि जब परम सुंदरी स्वर्ग की अप्सरा उर्वशी महाराजा पुरुरवा के पास आई तो उसने गाय के घी को अमृत समतुल्य मान कर गाय के घी का ही पान किया था।

"घृतं मे वीर भक्ष्यं स्यात्"
(श्रीमद्भागवत ० ६/१४/२२)

गोमाता के गोबर में साक्षात् लक्ष्मीजी का और गोमूत्र में गंगाजी का निवास माना गया है। इसीलिए गोमूत्र व गोबर को पावन और पुनीत बताया जाता है।

गोबर से लिपे आवास शुद्धता के साथ–साथ विभिन्न रोग रोधी होते हैं। इसीलिए हमारे शास्त्रों व पुराणों में गाय के गोबर से भवनों, सभागारों, देव मंदिरों एवं यज्ञशालाओं को लेपन की पावन परम्परा का उल्लेख मिलता है।

सभा प्रपा गृहाश्चापि देवतायतनानि च।
शुद्धियन्ति शकृता यासां किं भूतामधिकं ततः।।
(महाभारत, आश्व० वैष्णव०)

गौओं का निवास (गोशाला) पर्यावरण को पावन व शुद्ध बनाता है, गोपालन से उस स्थान की स्वच्छता, शुचिता, शोभा एवं श्रीसम्पन्नता बढ़ जाती है। गोमाता का निवास जिस स्थान (घर) में होता है, वहां के सारे पाप–ताप स्वतः ही विनष्ट हो जाते हैं।

निविष्टं गोकुलं यत्र श्वासं मुश्चति निर्भयम्।
विराजयति तं देशं पापं चास्यापकर्षति।।
(महाभारत, अनु०५१/३२)

गोमाता अखिल विश्व की जननी हैं। वे प्राणीमात्र का पालन, पोषण, संरक्षण और संभरण करतीं हैं, तभी तो गाय को जगन्माता की गौरवशाली उपाधि से विभूषित किया गया है।

हरिशंकर दीक्षित (पथिक)



गोवंश की उपेक्षा स्वयं की उपेक्षा है

प्रथम संवाददाता देवर्षि नारद मृत्युलोक का भ्रमण कर बैकुण्ठ धाम पहुँचे। भगवान श्री विष्णुहरि ने उनका स्वागत सत्कार कर कुशलक्षेम पूछते हुए कहा– देवर्षि आप धरती का भ्रमण करके आ रहे हैं, कहिये मेरी जन्मभूमि मथुरा के क्या समाचार हैं। देवर्षि नारद ने उत्तर देते हुए कहा, भगवन्! आपकी जन्मभूमि मथुरा में तो आपके मन्दिरों की पर्याप्त संख्या है और आपका गुणगान करने वाले कथावाचकों की बहुलता है। अधिकांश कथावाचकों के विशाल व विस्तृत मठ भी हैं। अनेक मठों में असहाय वृद्धाओं तथा दिव्यांगों की सेवा सब प्रकार हो रही है। यह सब आपके सम्पन्न भक्तों के दान पर चल रहा है। अनेक सेवक वैतनिक आधार पर नियुक्त हैं। दूरदर्शन पर आपकी लीलाओं का प्रसारण

लोग पत्थर के नन्दी की पूजा जितने आदर के साथ करते हैं, उससे कहीं अधिक अनादर जीवित नन्दी का करते हैं। खेतों की धारदार बाड़ों और सड़कों पर भारी वाहनों से आहत होकर मानव जीवन का प्राकृतिक आधार गोवंश आज रौरव नर्क से भी भीषण यातना भोगते हुए अपना अस्तित्व खोता जा रहा है।

कथारूप में हो रहा है। श्रद्धालु भक्त भावविभोर होकर नृत्य करते दिखायी देते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सम्पूर्ण मथुरा आने वाले भक्तों सहित आपकी भक्ति में अपनी सुधबुध भूल चुकी है। यही नहीं लगभग समस्त मठों में गोआश्रय स्थल हैं और प्रत्येक में सैकड़ों गायों की सेवा होती है।

उक्त वार्तालाप के चलते ही अकस्मात भगवान शंकर का आगमन हुआ। देवर्षि नारद और भगवान श्रीविष्णुहरि दोनों ने उनका स्वागत किया। शिव जी आसन पर विराजमान हुए। उन्होंने गोवंश की चर्चा सुन ली थी, इसलिये

देवर्षिनारद से पूछा देवर्षि! आप धरती का भ्रमण कर आये हैं, सुना है वहाँ गोवंश पर भारी संकट आया है। विशेषकर नन्दी सर्वाधिक पीड़ित–प्रताड़ित हैं। मुझे विदित हुआ है कि गाय को लोग दुग्ध देने की अवधि तक कुछ चारा दाना देते हैं, किन्तु गोवत्स को वाँछित दूध तक नहीं देते। जब गाय दूध देना बन्द कर देती है तो उसे वत्स सहित घर से भगा देते हैं। पुनः दुग्धदायी होने पर कोई उसे बाँध लेते हैं और दुग्धहीना होने पर पुनः घर से भगा देते हैं। यह क्रम लगभग सम्पूर्ण भरत में चल रहा है। पँजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में दशा अत्यन्त शोचनीय है।

देवर्षि! हमारा नन्दी अपने कुटुम्बीजनों की इस भीषण दुर्दशा से बहुत दुखी रहता है। वह मुझसे कहता है हे सदाशिव मेरा वंश जो वृहद भारतवर्ष में मनुष्यों द्वारा पालित–पोषित और रक्षित ही नहीं अधिक मातृ–पितृवत पूजनीय–आदरणीय रूप में परिवार का अंग था, वही आज मनुष्यों द्वारा उपेक्षित–तिरस्कृत होकर नाना प्रकार के कष्ट–दुखों को सहता हुआ आहत होकर कलपता–सिसकता मारा–मारा फिरता अपना अस्तित्व ही खोता जा रहा है। वह मुझसे कहता है, हे पशुपतिनाथ! आपकी प्रजा में विशेषकर धरती की जैविक सृष्टि की निरन्तरता का मूलाधार, उन्हीं मनुष्यों द्वारा उपेक्षित–पीड़ित, प्रताड़ित होकर मारा–मारा फिरता हुआ, कलपता –सिसकता, विलुप्ति की कगार तक ठेला–ढ़केला जा रहा है, जिन पर उसके पालन– पोषण और रक्षा का दायित्व है। हे विष्णुहरि! आपने मनुष्य की रचना इसीलिये तो की है कि वह गोवंश का पालन–पोषण और रक्षा भलीभाँति करता हुआ उसकी शक्ति–सम्पदा का सदुपयोग करता हुआ अपना जीवनयापन करे। आदिकाल से यही क्रम चला आ रहा था, किन्तु तीव्र आर्थिक विकास हेतु मनुष्यों ने जो अवैज्ञानिक मशीनी औद्योगिक क्रान्ति प्रारम्भ की है उसके दुष्प्रभाव के कारण आज गोवंश की उपयोगिता ही समाप्त हो चुकी है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो निकट भविष्य में गोवंश ही नहीं, अन्यान्य पशु–पक्षियों की प्रजातियाँ सर्वथा लुप्त हो जायेंगीं। पक्षियों की कृषि मित्र प्रजातियाँ तो लगभग समाप्त ही हो गयी हैं। घोड़े–गधे और खच्चर आदि की भी यही दशा है। घोड़ों का उपयोग आवागमन के क्षेत्र में लगभग समाप्त हो चुका है। यही दशा गधों और खच्चरों की भी है।

गाय की पूँछ पकड़कर वैतरणी पार करने का अति सरल किन्तु गूढ़ अर्थ है– गोपालन, पोषण, आदर, सम्मानपूर्वक करते हुए, कृषि तथा कृषि आधारित उद्योग–धन्धों के आधार पर जीवनयापन करना ही गाय की पूँछ पकड़कर वैतरणी पार करना है।

हे विष्णुहरि! हमारा नन्दी इस कारण बहुत दुखी रहता है। वह कहता है कि लोग पत्थर के नन्दी की पूजा जितने आदर के साथ करते हैं, उससे कहीं अधिक अनादर जीवित नन्दी का करते हैं। खेतों की धारदार बाड़ों और सड़कों पर भारी वाहनों से आहत होकर मानव जीवन का प्राकृतिक आधार गोवंश आज रौरव नर्क से भी भीषण यातना भोगते हुए अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। वह मुझसे कहता है कि पशु–प्राणी आपकी प्रिय प्रजा हैं, इसीलिये आप **पशुपतिनाथ** के नाम से भी जाने जाते हैं। गोवंश सहित अन्यान्य पशुओं की दुर्दशा से परिचित होकर भी शान्त हैं। सम्भवतः आप डमरु बजाना या नृत्य करना सर्वथा भूल चुके हैं अथवा उस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे हैं जब व्यथित धरती धेनुरूप धारण कर अपने दुखों– कष्टों का वर्णन



आपके पास आकर करे और कोई कवि उस वर्णन को काव्य में इस प्रकार करे –

''व्यथित धरा करती पुकार
शिवशंकर अब तो बोलो।
डम–डम–डम–डम डमरु बजाओ
नेत्र तीसरा खोलो।।''

भगवान शिव की बातें सुनकर भगवान श्री विष्णुहरि ने कहा, हे शिव! यह कालगति की दशा है। मैंने जब मनुष्य की रचना अति सुविधायुक्त शरीर और विलक्षण उन्नतशील बुद्धि देकर समस्त प्राणियों में सर्वोत्तम–सर्वश्रेष्ठ रूप में की थी, तब मैंने स्वप्न में भी नहीं सोचा था कि वह मेरी इच्छा, ''कल्पान्त तक धरती की शिव–सुन्दर सृष्टि को गतिशील बनाये रखने वाली प्रकृति का सहयोग करने के स्थान पर उसका शोषण उसे नोच–खसोट कर करेगा।'' आज का मनुष्य अपने कर्तव्यों को जान–बूझकर अनदेखा करते हुए, स्वयं परिश्रम करना नहीं चाहता या कम–से–कम परिश्रम द्वारा अधिक उत्पादन के मशीनी जाल में फँसकर विलासी–मदमाता होता जा रहा है।

अभी देवर्षि नारद ने बताया कि मेरी जन्मभूमि मथुरा में अनेक भव्य विशाल मठ हैं, जहाँ मेरे भजन कीर्तन और लीलाओं का वर्णन कथावाचक करते हैं और दान के धन द्वारा गोआश्रय स्थल भी चलाते हैं। इन मठाधीशों में कितने ऐसे हैं जो नर गोवत्स की शक्ति का सदुपयोग करते हैं। इन्हें दान में इतना धन मिलता है कि ये लोग कृषि भूमि क्रय कर उन्नत कृषि यन्त्रों द्वारा बैलों का उपयोग कृषि और तेल–गुड़ उद्योगों में करते हुए आगन्तुक कृषक भक्तों को प्रेरित कर सकते हैं। वर्तमान विलासिता के युग में यह कार्य कठिन तो है किन्तु असाध्य नहीं। मुझे दुख है कि कोई भी कथावाचक गोमाता की पूँछ पकड़कर वैतरणी पार करने के उपदेश की उचित या सटीक व्याख्या नहीं करता। गाय की पूँछ पकड़कर वैतरणी पार करने का अति सरल किन्तु गूढ़ अर्थ है। गोपालन–पोषण आदर–सम्मानपूर्वक करते हुए, कृषि तथा कृषि आधारित उद्योग–धन्धों के आधार पर जीवनयापन करना ही गाय की पूँछ पकड़कर वैतरणी पार करना है।

इसके उपरान्त भगवान श्री विष्णुहरि ने कहा, हे सदाशिव! मेरी माया प्रकृति, जिस पर सृष्टि को गतिशील बनाये रखने का दायित्व है; वह मनुष्यों द्वारा की जा रही कर्तव्यों (धर्म) की अवहेलना से दुखी होकर उन्हें निरन्तर चेतावनी दे रही है। मानवी दुराचरणों के कारण वैश्विक ताप में होने वाली वृद्धि से धरती पर पुनः हिमयुग आने की सम्भावना है। यदि मनुष्य विलासिता का परित्याग नहीं करेगा तो निकट भविष्य में ऐसा होना अनिवार्य है। जहाँ पानी का अभाव था वहाँ भीषण बाढ़ और तपते मरुस्थलों में हिमपात देखकर भी यदि मनुष्य नहीं चेतेंगे तो परिणाम भीषण भयावह होना तय है। यह खण्ड प्रलय की प्राकृतिक चेतावनी ही है।

धर्म की सटीक व्याख्या न करने वाले मठाधीस तक विलासितापूर्ण जीवन जी रहे हैं। उन्हें चाहिये कि अनावश्यक उपभोग से स्वयं बचें तब ही वे उपदेश देने के अधिकारी–पात्र हो सकते हैं। मनुष्य के कर्तव्यों की ही एकवचनीय संज्ञा धर्म है। यह उसी प्रकार सनातन है जिस प्रकार अनन्त आकाश। तात्पर्य यह है कि सृष्टि रचना भी हम धर्म के आधार पर ही करते हैं और कल्पान्त में इसका अन्त भी। अभी कल्पान्त होने में बहुत काल शेष है, किन्तु खण्डप्रलय तो मानवी आचरण पर आश्रित होती है।

चलभाष – 8765805322

डॉ. शारदा मेहता

सनातन धर्म में गोरक्षा और गोसेवा

वैदिक काल से ही हमारे सनातन धर्म में गाय का अत्यधिक महत्व है। गाय को हमारे यहाँ माता के समान सम्माननीय स्थान प्राप्त है। भारतीय संस्कृति में गोदान को सर्वोत्तम दान माना जाता है। दान के विभिन्न स्वरूप होते हैं यथा अनुदान, वस्त्रदान, स्वर्णदान, रजत दान, अंगदान के अन्तर्गत किडनी, नेत्र, त्वचा, लिव्हर, रक्त तथा भूमिदान से भी बढ़कर गोदान को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। भारतीय संस्कृति में मृत्यु के पूर्व गोदान करने की परम्परा है, जो आज भी प्रचलित है। गोसेवा करने से आशीर्वाद प्राप्त होते हैं। राजा दिलीप ने संतान प्राप्ति के लिये नन्दिनी गाय की सेवा की। गाय के आशीर्वाद से उन्हें सन्तान सुख प्राप्त हुआ। गुरु वसिष्ठ और विश्वामित्र का कामधेनु गाय के लिये किया गया युद्ध हमारे पौराणिक ग्रन्थों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इक्ष्वाकु के भ्राता नृग नामक राजा राज्य करते थे। उन्होंने पुष्कर तीर्थ जाकर ब्राह्मणों को सुवर्ण भूषित गायें तथा बछड़े जिनकी संख्या लगभग एक करोड़ थी दान में दे दी। उन गायों में से एक गाय वापस आकर राजा की अन्य गायों में मिल गई। राजा इस बात से अनभिज्ञ था। राजा ने उसी गाय को पुनः किसी ब्राह्मण को दान में दे दिया। गाय का नाम शबला था। यह कहानी विस्तृत है। स्थानाभाव के कारण यहाँ नहीं लिखी है। दो ब्राह्मणों में झगड़ा होने लगा। उन्होंने राजा नृग को शाप दिया कि वह गिरगिट बन जायेगा "राजा गिरगिट बन गया।" गाय के



अंगों में तैंतीस कोटि देवी–देवता निवास करते हैं। गाय का गोबर, गोमूत्र, दूध, दही, छाछ आदि सभी जीवनोपयोगी वस्तुएँ हैं। आयुर्वेद के अनुसार इनका प्रयोग औषधि के रूप में भी किया जाता है।...

हमारी सनातन परम्परा में प्रत्येक घर से प्रतिदिन पहली रोटी गोमाता के लिये निकाली जाती है। गाय भी समय पर आकर रंभाती है और रोटी खाकर चली जाती है। यह एक अच्छी परम्परा है। कई दानदाता गोशालाओं में घास, खली, रोटी आदि के लिये दान करते हैं। प्राचीन समय में राजा, महाराजाओं के यहाँ असंख्य गायें होती थीं। कोई भी शुभ कार्य के पश्चात् राजा गोदान करते थे। ***हमारी परम्परा में गाय का संवर्धन हो, उसकी रक्षा हो, इसलिये वत्स द्वादशी के दिन गाय और बछड़े का पूजन किया जाता है। ज्वार, मक्के की रोटी तथा चने से निर्मित बेसन खिलाया जाता है।*** आजकल कसाईखाने में गोवंश को हत्या करने के लिये ले जाया जाता है, जो घोर निन्दनीय और महापाप है। गाय जैसी पवित्र, निरीह, भोले–भाले प्राणी की इस प्रकार हत्या एक अक्षम्य अपराध है। हमारे समाज में जिस गाय को माता का स्थान दिया गया है, उस निरपराध प्राणी की यदि जघन्य हत्या की जाये तो उसके लिये कठोर दंड का प्रावधान किया जाना चाहिये। ईश्वर के बाद यदि कोई बड़ा स्थान है तो वह गोमाता का है। शहरों में बेसहारा प्राणी के रूप में गायों को सड़कों पर, चौराहों पर, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर देखा जा सकता है। इनकी रक्षा की जानी चाहिये। इन्हें गौशालाओं में रखना चाहिये। भगवान कृष्ण की गोसेवा प्रसिद्ध है। उन्होंने प्रचण्ड वर्षा वेग से गोधन की रक्षा करने के लिए अपनी कनिष्ठा अँगुली से गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था। वर्तमान में भी चरवाहा गाय को बड़े यत्न से चरने के लिये ले जाते हैं और उनकी रक्षा करते हैं। कहा भी गया है–

गौ में ही गोविन्द समाये
फिर काहे गौसेवा न भाये।।

पूजा पाराशर (कवयित्री, स्वतंत्र लेखिका)

गोमाता का 'ऋण' कभी चुकाया नहीं जा सकता!

माता जन्म देती है; अपना दूध पिलाती है; बच्चे को पालती है; उसे बड़ा करती है और उसके अच्छे स्वास्थ्य, अच्छे जीवन के लिए ईश्वर से सदैव प्रार्थना करती है। बच्चा जब बड़ा हो जाता है तब गैया मैया उसे जीवन भर दूध पिलाती है और उसके अच्छे स्वास्थ्य के लिए ईश्वर रूप में सदैव आशीर्वाद देती रहती है। संतान भले ही बड़ा होकर इस बात को याद ना रखें या अनदेखा कर दे, परंतु ये दोनों मैया निस्वार्थ प्रेम से अपनी संतान के लिए ही जीती हैं। क्या कोई संतान ये ऋण कभी चुका सकती है!

मेरा यह लेख उस मैया के लिए समर्पित है जिसका दूध पीकर मैं बड़ी हुई। जब मैंने यह अमृतपान बंद कर दिया तो मेरी मृत समान अवस्था हो गई। ग्रामीण–कस्बे के जन आज भी भाग्यशाली हैं जिन्हें गैया मैया का दूध मिलता रहता है। वहीं शहरों, मुख्य रूप से महानगरों में दुर्भाग्य है कि इस सुधा रस के स्वाद हेतु जीवन तरसता रहता है। मेरे साथ भी यही हुआ। कई प्रयासों के बाद, दो–तीन बार गोमाता का दूध शुरू करने के उपरांत भी बंद करना पड़ा क्योंकि उसमें मात्र मिलावट थी।

शहर में थोड़ी दूर पर जो गौशालाएँ हैं, वहाँ लोगों को सुबह 6:00 बजे से लंबी–लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ता है। उसमें भी एक व्यक्ति के लिए मात्र आधा लीटर दूध ही देने की ही व्यवस्था है। अतः मेरे लिए वहाँ से दूध लेना कभी संभव नहीं हो पाया। मैंने पैकेट दूध कभी नहीं पिया, मात्र चाय हेतु ही प्रयोग में लाती थी। लंबे समय तक गोमाता के दूध से वंचित रही। एक समय था कि बिना दूध पीए नींद भी नहीं आती थी; कभी सो भी जाती थी तो नींद में ही एक बड़ा गिलास दूध का मुँह से लगाकर माँ पिला देती थी। सुबह उठकर मैं उनसे कहती–रात में दूध नहीं दिया! माँ कहती कि पिलाया तो था, सोते–सोते तो पी गई; फिर भी विश्वास नहीं होता था। माँ, पिताजी की ओर संकेत करते हुए कहती–पिलाया कि नहीं? पिताजी कहते कि नींद में पिया था तुमने; तब जाकर मन को शांति मिलती थी

और आज इन महानगरों में एक बूँद के लिए तरस गई।

लंबे समय तक दूध न मिलना, मेरी तबीयत खराब होने का सबसे बड़ा कारण था। मार्च, 2023 मैं अचानक चलने–फिरने में असमर्थ हो गई। दो महीने तक मुझे खड़ा होना भी दुर्लभ था। डॉक्टर के पास गई; जाँच करवाई; कुछ भी नहीं निकला। कुछ समय तक अंग्रेज़ी दवाइयाँ खाईं जिनसे मेरी हालत सुधरने के स्थान पर और गंभीर हो गई। पुनः जाँच करवाने पर विटामिन–डी की कमी निकली। मेरी माँ ने कहा कि दूध– दही न खाने के कारण तबीयत खराब हुई है; जो दूध प्रयोग कर रहे हो वह गाय का दूध नहीं है; इसमें पाउडर की मिलावट है; शरीर को कहाँ से लगेगा। आश्चर्य होता है कि कैसे व्यक्ति स्वार्थ में अँधा होकर पाप कमा रहा है!

मेरी माँ किसी भी प्रकार से मुझे अपने साथ घर (मायके) लेकर आ गईं और बोलीं – अब मैं पिलाऊँगी गैया मैया का दूध, तू देख! बिलकुल ठीक हो जाएगी।

तीन सप्ताह तक मैंने भोला (हमारे घर की गाय का नाम) का दूध पिया। मेरी माँ प्रतिदिन सुबह 1 लीटर का पनीर बनाकर मुझे देती थीं, उसके कुछ देर बाद दूध का एक बड़ा गिलास, फिर दोपहर में मट्ठा/रायता और रात को सोते समय फिर से दूध का एक बड़ा गिलास। मैं, प्रतिदिन भोला के पास बैठकर एक कंडी (उपले का टुकड़ा) जलाकर, उसमें 'कुंगलियम' (वृक्ष से प्राकृतिक रूप से निकलता है; दक्षिण भारत में अधिक प्रयोग किया जाता है; बहुत सुगंधित और औषधि रूप में अनेक गुणों से युक्त स्वास्थ्यवर्धक है)

डालकर, आधा घंटा ध्यान करती। यह अनुभव अद्भुत है; दिव्य है; अवर्णनीय है। बस इतना ही कहूँगी कि इन क्षणों में मुझे न कोई दर्द था, न कोई कष्ट। जब आँखें खोलती तो एक अन्य दुनिया से इस दुनिया में प्रवेश करने का अनुभव होता जो मेरे शरीर और मन के होने का एहसास कराता।

दिन पर दिन मेरी तबियत अच्छी होती गई। थोड़ा–थोड़ा चलने–फिरने भी लगी, अंदर एक ऐसी शक्ति का संचार हो रहा था जो मुझे पहले की तरह खुश रखने के साथ–साथ हिम्मत से भर रहा था। एक ओर मेरी जन्मदात्री तो दूसरी ओर मेरी पालनहारी, दोनों ने मुझे पुनः खड़ा कर दिया। मेरे जीवन का यह पहला अनुभव नहीं है, मेरे परिवार एवं मुझ पर गैया मैया की सदैव कृपा रही है।

मैं, मैया की शक्ति के साथ वापस आई और धीरे–धीरे चलने लगी। अपने सभी दैनिक कार्य करने लगी। ईश्वर कृपा और गैया मैया के आशीर्वाद से यहाँ भी शुद्ध दूध प्राप्त हो गया। गोमाता ने मुझे शक्ति से भरकर कार्य करने योग्य बना दिया। इस बीच अपनी **गोसम्पदा** के संपादक महोदय जी से भी मेरी बात हुई कि मैं लेख भेज पाऊँगी या नहीं; यह गोमाता की इच्छा और उनके आशीर्वाद से ही संभव हो सकता है! उन्होंने भी मुझे विश्वास दिलाया कि अवश्य हो पाएगा। यह बात सत्य भी हुई कि निरंतर गोमाता के लेख भेजने के चिंतन में, मन में एक ऐसी ऊर्जा का संचार हुआ कि मैं नियमित रूप से अपना लेख भेजने में सक्षम हो पायी।

यह एक ऐसा ऋण है जिसे कभी नहीं चुकाया जा सकता। बस, अपने हृदयतल में उठी भावनाओं को इस कलम से उतारकर मैं कृतज्ञता ज्ञापित कर रही हूँ। सभी भारतवासियों से आग्रह भी करती हूँ कि **गैया मैया** को भी अपने घर का सदस्य बनाएँ, उससे प्रेम करें। **जो लोग गाय रखते हैं, कृपया दूध में मिलावट न करें, क्योंकि इस पृथ्वी लोक पर मात्र गोमाता के दुग्ध में ही अमृत है, कहीं और नहीं। अतः जीवनदायिनी गैया मैया की रक्षा करें।**

जब भी निकट तेरे हूँ आती,
हृदय प्रेम से भर जाता है,
यह मेरा नहीं, तेरा प्रेम है, मैया!
जो मुझमें उमड़कर आता है।
जब भी निकट तेरे हूँ आती,
चित्त प्रसन्न, मन शांत हो जाता है,
तेरे ध्यान में जब मग्न हो जाती,
मैया! सब स्वर्ग बन जाता है।

वैद्य नंदिनी भोजराज (एम.डी., आयुर्वेद)

दैनिक जीवन में गोमूत्र अर्क का महत्व

गोमूत्र अर्क उसे कहते हैं, जो देसी स्वस्थ गाय के गोमूत्र को बाष्पीकृत करके एकत्रित किया जाता है। निसर्गतः गोवंश विचरण करते समय जो विभिन्न वनस्पतियों का सेवन करता है उसके गुण भी उनके गोमूत्र में दिखाई देते हैं। गोमूत्र में व्हीटामिन्स्, मिनरल, युरिया, हॉर्मोन्स् भी पाए जाते हैं। सूक्ष्म मात्रा में उपस्थित ये घटक हमारे शरीर के लिए आवश्यक मात्रा में ही उपयुक्त हैं। **''अति सर्वत्र वर्जयेत्''** इस उक्ति के अनुसार गोमूत्र अर्क का उपयोग एक ही व्यक्ति के लिए अलग–अलग ऋतु में भिन्न मात्रा में होगा। साथ ही शरीर की अवस्था का भी ख्याल रखना आवश्यक है। अतः चिकित्सक का योग्य मार्गदर्शन लेने से अधिक लाभ हो सकता है।

गोवंश जन्म से लेकर उनकी मृत्यु तक बिना मांगे गोमूत्र एवम् गोबर देता है। अगर हमने उसे जमाकर उसको उपयोग में नहीं लिया तो वो जमीन में चला जाता है। भूमिपोषण में इनका बहुत बड़ा योगदान है। उस मार्ग द्वारा वे घटक पौधे के द्वारा लिए जाते हैं। सब्जी, फल, अनाज में भी यह उत्तम मात्रा में पाए जाते हैं। अतः गोवंश आधारित कृषि जनसामान्य के स्वास्थ्य रक्षा हेतु अत्यंत आवश्यक है। उसके साथ –साथ भूमि में संचित जल को विषमुक्त रखने में भी गोबर–गोमूत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। संपूर्ण विश्व में अधिक से अधिक लोग इसका सेवन करें तब अधिकतम रोगों से कष्टमुक्ति का अनुभव वे ले सकते हैं।

वर्तमान स्थिति में सभी तरफ से शरीर पर विष का आक्रमण होने से हमें अपनी सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता है। उसमें **कामधेनु गोमूत्र अर्क** का महत्त्वपूर्ण योगदान हो सकता है। कामधेनु गोमूत्र अर्क का उपयोग दैनिक जीवन में विभिन्न पद्धति से कर सकते हैं। मनुष्य के सिर से लेकर पांव तक यह लगाने के काम भी आता है।

चीनी मिट्टी के छोटे से

कटोरे में अपने घर के एक कोने में इसे खुला रखें। वातावरण में इसकी हवा का बाष्पीकरण होने से, सूक्ष्म विषाणु वहाँ से दूर भागते हैं। इसके द्वारा अनेक हवा द्वारा फैलने वाली बीमारियों से (इन्फेक्शन से) हम अपने परिवार को बचा सकते हैं। त्वचा में जहाँ भी खुजली हो रही हो, वहाँ लगा लेवें। दिन में 3—4 बार लगा सकते हैं।

पांच मिली लीटर (एमएल) कामधेनु गोमूत्र अर्क सौ मि.ली. पानी में मिलाकर सुबह खाली पेट सेवन कर सकते हैं। चिकित्सक का परामर्श लेना अधिक लाभ दे सकता है। यकृत (Liver), वृक्क (Kidney) एवं त्वचा (Skin) की बीमारी में इसका विशेष लाभ मिलता है।

कर्णशूल (कान के परदे में छेद नहीं होना चाहिए) की अवस्था में दो बूंद कान में लाभदायक हो सकता है। गला खराब हो, दांत में दर्द, मसूडों में सूजन आदि अवस्था में कामधेनु गोमूत्र अर्क को पानी में मिलाकर कुल्ले करने से लाभ होता है। दिन में तीन—चार बार ऐसा तीन से पाँच दिन तक करने से लाभ होते देखा गया है। जख्म को कामधेनु गोमूत्र अर्क के द्वारा नित्य साफ करने से पस होने की संभावना नष्ट होती है।

सिर के बाल में खुजली हो रही हो तब कामधेनु गोमूत्र अर्क बालों की जड़ में लगाकर दस से पंद्रह मिनट तक छोड़ दें। तदुपरान्त बाल धो लेवें। ऐसा तीन से पांच दिन तक एक दिन छोड़कर करने से पहले ही दिन लाभ ध्यान में आता है।

अधिक जानकारी के लिए गोविज्ञान अनुसंधान केन्द्र के शिवाजीनगर दवाखाने से 9405701253 पर संपर्क कर चिकित्सकीय परामर्श ले सकते है।

वर्तमान पर ध्यान

क्या हम यह नहीं जानते कि वह जो अतीत के गर्भ में विलीन हो गया है अथवा वह जो मर गया है, उसे वापस लाने का कोई उपाय नहीं है, तो फिर उसकी दुखद स्मृति में खोने का क्या लाभ? दूसरी ओर उसकी भी कैसी चिंता, जो अभी आया ही नहीं अथवा जो अनिश्चित है। विवेकशील मनुष्य जानता है कि भूत के संबंध में अतिशय शोक अथवा भविष्य की अनावश्यक उधेड़बुन वर्तमान को नष्ट कर देती है। वर्तमान में जीना और उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ करना ही पांडित्य है। बीता हुआ कल अवश्यंभावी था और आने वाला कल अनिश्चित। अतः हमें जो भी करना है, वह आज और अभी ही करना है।

भगवान महावीर से एक बार राजकुमार अतिमुक्त ने कहा, "भंते मैं प्रव्रजित यानी संन्यासी होना चाहता हूं। भगवान ने कहा, विलंब मत करो, शीघ्र प्रव्रजित हो जाओ। आशय यह कि आप भविष्य की योजनाएं बनाएं, उसमें कोई समस्या नहीं। दरअसल समस्या तब आती है, जब आपका वह विचार महज कल्पना होकर रह जाता है, आपका संकल्प नहीं बन पाता। आप बीच—बीच में अपनी उन कल्पनाओं की गठरी को खोलकर बैठ जाते हैं और उन पर बार—बार मंथन कर तथा भविष्य में उनके येन—केन—प्रकारेण चरितार्थ हो जाने का भाव लिए खुश होते रहते हैं। यही अकर्मण्यता हमें सफल नहीं होने देती।

महान लेखक लियो टॉलस्टॉय ने सार्थक जीवन के लिए तीन प्रश्नों का उत्तर आवश्यक माना है। एक, आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण समय क्या है? दो, आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति कौन है? तीन, आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य क्या है? उन्होंने आगे इन प्रश्नों के समाधान भी बताए हैं। आपके लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय है, यह वर्तमान, जो तेजी से अतीत बनता जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति वह है, जो वर्तमान में आपके समक्ष है और सबसे महत्वपूर्ण कार्य है उसका उपकार करना। ये तीन मंत्र क्रांतिकारी साबित हो सकते हैं, बशर्ते हम इन्हें अपने जीवन में भी उतार सकें।

दिनेश उपाध्याय (अ. भा. गोरक्षा प्रमुख)



विश्व हिन्दू परिषद-गोरक्षा विभाग की
जयपुर में अखिल भारतीय बैठक

''भारतीय गोवंश रक्षण–संवर्द्धन परिषद'' गोरक्षा विभाग–विहिप की तीन दिवसीय अखिल भारतीय बैठक 07 से 09 अक्टूबर, 2025 तक वीरों की पवित्र–पावन भूमि–जयपुर (राजस्थान) में स्थित स्वामी लीलाशाह भवन, सेक्टर–28, प्रताप नगर, में अत्यन्त उत्साह आनन्द के साथ सम्पन्न हुई। बैठक गोपूजन, गोस्तवन, गो–आरती, दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ हुई। बैठक में भारतीय गोवंश रक्षण–संवर्द्धन परिषद' ट्रस्ट के न्यासी, संरक्षक एवं क्षेत्र टोली के पदाधिकारी व देश के सभी प्रान्तों से ट्रस्ट के प्रान्त अध्यक्ष, प्रान्त मंत्री (ट्रस्ट मंत्री), प्रान्त कोषाध्यक्ष एवं प्रान्त गोरक्षा प्रमुख, सह प्रान्त गोरक्षा प्रमुख उपस्थित रहे। 40 प्रान्तों का प्रतिनिधित्व रहा जिसमें से 156 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूज्य स्वामी हरिदास वेदान्ती जी महाराज ने उपस्थित होकर उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई।

